# WWW.SARKARIRESULT.COM

Beware of Duplicate Website with Sarkari Result Similar Names Always Open WWW.SarkariResult.Com


## UP Police Computer Operator Vacancy 2017 Press Release

**उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
**19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश—226001**

# सूचना / विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड—ए के बैकलाग पदों पर सीधी भर्ती (विशेष चयन)—2017

संख्याःपीआरपीबी—एक—3(23)/2015 — दिनांकः मई 03, 2017

1—उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड—ए वेतनमान—पे बैण्ड—5200—20200 व ग्रेड पे—2400 के सीधी भर्ती (विशेष चयन) के 666 रिक्त पदों जिनके श्रेणीवार विवरण निम्नवत है, को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:—

| क0सं0 | श्रेणी | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 280 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 26 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 360 |
| | कुल योग | 666 |

2—यह बैकलाग भर्ती केवल आरक्षित श्रेणी—अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए ही है। उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक विभाग द्वारा समय—समय पर जारी शासनादेशों के अनुरूप आरक्षण प्रदान किया जायेगा। आरक्षण केवल उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों को ही अनुमन्य होगा।

3—भर्ती प्रकिया के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना/विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट http://prpb.gov.in पर उपलब्ध है।

**4— ऑनलाइन आवेदन की समय सारिणी—**

| क0सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | पंजीकरण आरम्भ होने की तिथि | 16—05—2017 |
| 2 | पंजीकरण की अन्तिम तिथि | 15—06—2017 |
| 3 | आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 17—06—2017 |
| 4 | आवेदन पत्र सबमिट करने की अन्तिम तिथि | 19—06—2017 |

5—आवेदन शुल्क—
इस भर्ती प्रकिया के लिए आवेदन शुल्क रू0—400/— (रूपये चार सौ मात्र) निर्धारित है। आवेदन शुल्क का भुगतान ई—चालान/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इण्टरनेट बैंकिंग का उपयोग करके करना होगा।

**6— आयु—**
अभ्यर्थी ने 01 जुलाई—2017 को न्यूनतम 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और अधिकतम 28 वर्ष की आयु प्राप्त न की हो। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में शिथिलता प्रदान की जायेगी।

**7—शैक्षिक अर्हताः—**
अभ्यर्थी को निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता धारित करना आवश्यक है:—
(क)मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट परीक्षा भौतिक शास्त्र और गणित विषयों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

**एवं**

भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एक्रीडेटेड इन कम्प्यूटर एण्ड कम्यूनिकेशन (DOEACC)/नाइलिट (NIELIT) विभाग से कम्प्यूटर में "ओ" लेवल की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

**या**

(ख) प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से कम्प्यूटर अभियंत्रण, सूचना प्रौद्योगिकी या इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रण में डिप्लोमा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता ।
आवेदन स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि तक अभ्यर्थी को अपेक्षित शैक्षिक अर्हता अवश्य धारित करनी चाहिए।

**8—भर्ती की प्रकिया—**
यह चयन 'उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग(अराजपत्रित) सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली—2015' के अधीन किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन पत्रों की संवीक्षा के उपरान्त अर्ह अभ्यर्थियों से ऑनलाइन लिखित परीक्षा एवं कम्प्यूटर टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जायेगी।

**8.1— ऑनलाइन लिखित परीक्षा**
ऑनलाइन लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की कुल 200 अंक की होगी। लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, मानसिक सामर्थ्य, तर्कशक्ति एवं कम्प्यूटर विज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न पूँछे जायेंगे। लिखित परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। लिखित परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों में से उतनी संख्या में जितनी अपेक्षित हो, अभ्यर्थियों को उनके प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के आधार पर कम्प्यूटर टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए बुलाया जायेगा।

**8.2— कम्प्यूटर टंकण परीक्षा**
कम्प्यूटर टंकण परीक्षा अर्हकारी होगी। कम्प्यूटर टंकण परीक्षा के 02 चरण होंगेः—
(1) कम्प्यूटर टंकण परीक्षा
कम्प्यूटर टंकण की गति हिन्दी में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट होनी आवश्यक है। इस गति के साथ 85 प्रतिशत की शुद्धता पर अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया जायेगा। हिन्दी टंकण यूनीकोड इन्स्क्रिप्ट की—बोर्ड पर आधारित होगा।

**(2) मूल अभिलेखों की जांच :—**
कम्प्यूटर टंकण परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित प्रविष्टियों के मिलान हेतु मूल प्रमाण—पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**8.3— चयन सूची**
कम्प्यूटर टंकण परीक्षा एवं मूल अभिलेखों की जांच में सफल अभ्यर्थियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के आधार पर राज्य की आरक्षण नीति के अनुसार चयन सूची तैयार कर नियुक्ति हेतु संस्तुति सहित विभागाध्यक्ष को प्रेषित की जायेगी।

**9— अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना**
मूल अभिलेखों की जांच के समय कम्प्यूटर टंकण परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित प्रविष्टियों के मिलान हेतु यथास्थिति निम्नलिखित मूल प्रमाण—पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगाः—

**क**—शैक्षिक अर्हता सम्बन्धी अभिलेख—
(1)—इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण अंक पत्र/प्रमाण पत्र एवं कम्प्यूटर में "ओ" लेवेल प्रमाण पत्र अथवा
(2)—कम्प्यूटर अभियंत्रण, सूचना प्रौद्योगिकी या इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रण में डिप्लोमा का अंक पत्र/प्रमाण पत्र

**ख**—अधिमानी अर्हता सम्बन्धी अभिलेख (यदि कोई हो तो)—
(1)प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की सेवा का प्रमाण पत्र या
(2)राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण—पत्र या
(3)कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं कम्प्यूटर नेटवर्किंग का प्रमाण पत्र।

**ग**—आरक्षण एवं अधिकतम आयु सीमा में छूट के दावे सम्बन्धी अभिलेख—
(1)— मूल निवास प्रमाण पत्र
(2)— अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी (नॉन क्रीमीलेयर) का निर्धारित प्रारूप—1 पर 01 अप्रैल, 2016 या उसके बाद निर्गत जाति प्रमाण—पत्र।
(3)— अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी का निर्धारित प्रारूप—2 पर जाति प्रमाण पत्र।
(4)— स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप—3 पर।
(5)—भूतपूर्व सैनिक यूनिट डिस्चार्ज प्रमाण पत्र/सेवामुक्ति प्रमाण पत्र, यूनिट के कमाण्डेन्ट द्वारा निर्गत 'नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट'।
(6)— आयु में छूट चाहने वाले उत्तर प्रदेश राज्य के कार्यरत कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप—4 पर।

**अपर सचिव (भर्ती)**
**उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**

www.upgov.nic.in
Upid- 117162 Dt. 04.05.17


S A R K A R I R E S U L T . C O M

SarkariResult.Com Free Mobile Apps
Download from Windows Store
Available on the App Store
GET IT ON Google play
twitter
facebook